JANUARY – 2025 (OCT. - DEC. 2024)
Vol. SHQ-BSGUP -015

# BHARAT SCOUT & GUIDE
## UTTAR PRADESH

# "तेजल"
त्रैमासिक पत्रिका



भव्य, दिव्य और नव्य
महाकुम्भ प्रयागराज 2025







2025
Happy New Year

State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow
www.bsgup.org

# भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

!! मुख्य संरक्षक !!



**श्रीमती आनन्दी बेन पटेल**
महामहिम राज्यपाल
उत्तर प्रदेश

!! उप मुख्य संरक्षक !!



**श्री योगी आदित्यनाथ**
माननीय मुख्यमन्त्री
उत्तर प्रदेश

!! प्रादेशिक अध्यक्ष !!



**डा० महेन्द्र सिंह**
पूर्व कैबिनेट मंत्री “जल शक्ति”
उत्तर प्रदेश सरकार

!! प्रादेशिक मुख्यायुक्त !!



**डॉ० प्रभात कुमार** आई०ए०एस० (से०नि०)
पूर्व अध्यक्ष,
लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश

BHARAT SCOUTS & GUIDES, UTTAR PRADESH
JANUARY – 2025 (OCT. - DEC. 2024)
Vol. SHQ-BSGUP -015

## संपादक मण्डल

**संरक्षक**

**डॉ० महेन्द्र सिंह**
अध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**मुख्य सम्पादक**

**डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)**
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**सलाहकार**

**ललिता प्रदीप**
प्रादेशिक आयुक्त (गाइड)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**डॉ० राजेश मिश्रा**
प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**आलोक कुमार अग्रवाल**
प्रादेशिक कोषाध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**सम्पादक**

**आनन्द सिंह रावत**
प्रादेशिक सचिव
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**डिज़ाइन एवं तकनीक**

**अदनान हाशमी**
सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (आई०टी०)
**सूरज कुमार** - आई०टी० सहायक
**ज्योति** - आई०टी० सहायक
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**"Leave this world a little better than you found it."**

*- Lord Robert Baden-Powell*



## CONTENTS – अनुक्रमणिका

❖ प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से... - 2
❖ प्रादेशिक कार्यक्रम - 3
❖ प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं एडवेन्चर केन्द्र, शीतलाखेत - 7
❖ जनपदीय कार्यक्रम - 11
❖ बी०एस०जी० ज्ञान क्विज़ - 31
❖ विज्ञापन - 32



## प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से...



**डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)**
**प्रादेशिक मुख्यायुक्त**
**भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०**

प्रिय साथियों,

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की त्रैमासिक पत्रिका "तेजल" के दिसम्बर 2024 अंक के प्रकाशन पर आप सभी को हार्दिक बधाई!

यह अंक वर्ष 2024 का अंतिम अंक है | इस वर्ष भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश संस्था ने संस्था के अध्यक्ष डॉ० महेंद्र सिंह के नेतृत्व में अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है | इनमे से मैं यहाँ दो मुख्य उपलब्धियों का उल्लेख करना चाहूँगा | प्रथम शीतलाखेत स्थित प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र में विश्वस्तरीय एडवेंचर सेंटर की स्थापना तथा द्वितीय प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ में नवीन एनेक्सी भवन का निर्माण | उल्लेखनीय है कि प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं एडवेंचर केंद्र, शीतलाखेत में अब तक दो एडवेंचर कार्यक्रमों का आयोजन सफलता पूर्वक किया जा चुका है, जिसकी कुछ झलकियाँ इस पत्रिका में प्रकाशित की जा रही है | नवीन एनेक्सी भवन अब पूरी तरह से डिजिटल टेक्नोलोजी से सुसज्जित है | इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालयों को जिलों के रूप में मान्यता प्रदान करना भी एक उल्लेखनीय उपलब्धि है | अब तक 19 विश्विद्यालयों को स्काउट/गाइड जिला संस्था के रूप में Recognize किया जा चुका है | इससे एक ओर तो विश्वविद्यालयों में रोवर्स/रेन्जर्स गतिविधियों का विकास सुनिश्चित हो सकेगा तथा दूसरी ओर आत्म विश्वास से भरपूर देश सेवा हेतु तत्पर युवा तैयार हो सकेंगे |

पर अभी भी हम अपने अभीष्ट लक्ष्य से काफी पीछे हैं। हमारे लक्ष्य की प्राप्ति केवल तभी संभव है जब प्रदेश में संचालित सभी विद्यालयों जिनमें बेसिक, माध्यमिक, उच्च शिक्षण संस्थान तथा सी०बी०एस०ई० से सम्बद्ध विद्यालय सम्मिलित हैं, को स्काउट/गाइड आन्दोलन के साथ जोड़ा जाए। विशेष रूप से वे विद्यालय जो अब तक इस आन्दोलन में सम्मिलित नहीं हो सके हैं, उन्हें इस महत्त्वपूर्ण पहल का हिस्सा बनाना अत्यन्त आवश्यक है। मुझे आशा ही नही वरन् पूर्ण विश्वास है कि विश्वविध्यालय जनपद और जिला संस्थाओं के सहयोग से हम अपने इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हो सकेगें | मुझे इस बात का भी गर्व है कि विश्वविध्यालय जनपद और जिला संस्थाओं के अमूल्य योगदान से हम विगत वर्षो में उल्लेखनीय प्रगति कर सके हैं | इसके लिए प्रादेशिक संस्था तथा जिला संस्थाओ के पदाधिकारी बधाई के पात्र है |

इस अवसर पर मैं यह भी साझा करना चाहूँगा कि भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश संस्था द्वारा प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र, प्रयागराज में NSDC (नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन) के Collaboration से "Future Skills Lab" का विकास किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश संस्था से जुड़े स्काउट/गाइड तथा रोवर रेन्जर को एक ऐसा प्लेटफार्म प्रदान करना है, जहां वह "Future Age Skills" के विभिन्न क्षेत्रो में पारंगत होकर अच्छे रोज़गार प्राप्त कर सकें अथवा स्वयं का अपना उद्यम स्थापित कर सकें | इससे स्काउट/गाइड के युवाओं का सशक्तिकरण भी होगा जो प्रदेश एवं देश के उज्जवल भविष्य में एक मील का पत्थर साबित होगा |

इस वर्ष एक और ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा बनते हुए, भारत स्काउट और गाइड अपनी स्थापना के गौरवशाली 75 वर्ष पूर्ण कर रहा है। यह उपलब्धि हमारी संस्था की समर्पित यात्रा का प्रतीक है, और इसके लिए आप सभी को हार्दिक बधाई।

आप तक "तेजल" पत्रिका का यह अंक पहुचते-पहुचने नया वर्ष 2025 प्रारम्भ हो चुका होगा, आप सभी को प्रादेशिक संस्था के माननीय अध्यक्ष डॉ०महेन्द्र सिंह तथा मेरी ओर से नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाए !

**डॉ० प्रभात कुमार**
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

## उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित अटल महाकुम्भ लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिनांक 24 दिसम्बर 2024 को आयोजित "अटल खेल महाकुंभ" में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के स्काउट और गाइड के बच्चों ने प्रतिभाग किया। "अटल खेल महाकुंभ" का उद्घाटन रक्षा मंत्री माननीय राजनाथ सिंह एवं माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा किया गया। अटल खेल महाकुंभ के संयोजक डॉ० महेंद्र सिंह जी रहे।जिसमें स्काउट गाइड के बच्चों ने बैंड तथा मार्चपास्ट में प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम ने भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद लखनऊ और बाराबंकी के द्वारा किया गया।




## राज्य आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम महाकुम्भ प्रयागराज

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश संस्था के माननीय अध्यक्ष डॉ० महेंद्र सिंह एवं माननीय प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी के दिशानिर्देशन में महाकुंभ 2025 में सेवा शिविर हेतु उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के 500 स्काउट, गाइड, रोवर और रेंजर को दिनांक 27 एवं 28 दिसम्बर 2024 को आपदा प्रबंधन का गहन प्रशिक्षण दिया गया |



# प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम

## जिला संगठन आयुक्त स्काउट/गाइड कार्यशाला

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय के तत्वाधान में एवं प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी के मार्गदर्शन में दिनांक 17 से 19 अक्टूबर 2024 को प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र प्रयागराज में तीन दिवसीय जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) कार्यशाला का आयोजन किया गया| जिसमे प्रादेशिक सचिव श्री आनन्द सिंह रावत, श्री कुबेर सिंह सेंटर मैनेजर (डी०डी०यू० जी०के०वाई० परियोजना) प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) श्री हीरालाल यादव, श्रीमती कामिनी श्रीवास्तव प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्री अरविन्द कुमार श्रीवास्तव एवं समस्त जिला संगठन आयुक्त उपस्थित रहे|




## 07 नवम्बर स्थापना दिवस

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय महानगर, लखनऊ के तत्वाधान में दिनांक 07 नवम्बर 2024 को स्थापना दिवस के अवसर पर प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट) डॉ० राजेश मिश्रा जी को स्टीकर लगाकर स्थापना दिवस की बधाई दी गई | और इसी क्रम में प्रादेशिक मुख्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी एक दूसरे को स्थापना दिवस का स्टीकर लगाकर स्थापना दिवस को मनाया |



## प्रथम एडवेंचर कैम्प शीतलाखेत

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक प्रशिक्षण/एडवेंचर केन्द्र शीतलाखेत, अल्मोड़ा उत्तराखण्ड में डॉ० प्रभात कुमार प्रादेशिक मुख्यायुक्त महोदय के नेतृत्व में प्रथम एडवेंचर कार्यक्रम दिनांक 23 से 27 अक्टूबर 2024 तक आयोजित किया गया | जिसमें विभिन्न जनपदों से 86 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया |



## रि- ओरीएंटेशन कोर्स फॉर गाइड ट्रेनर (ROT)

भारत स्काउट और गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के निर्देशन तथा भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय महानगर लखनऊ के सहयोग से प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र प्रयागराज में दिनांक 14 से 18 नवम्बर 2024 को रि- ओरीएंटेशन कोर्स फॉर गाइड ट्रेनर (ROT) शिविर उप-निदेशक गाइड (लीडर ट्रेनिंग) श्रीमती कुमुद मेहरा के नेतृत्व में आयोजित किया गया | शिविर के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ० सुधा प्रकाश जी पूर्व प्रादेशिक आयुक्त (गाइड) उपस्थित रही | जिसमे 20 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया और सहयोगी स्टाफ के रूप में सुश्री उषा कुशवाहा, प्रेमा थापा जी रही |



## बेसिक फॉर कमिश्नर कोर्स/सचिव कोर्स/जिला स्तरीय अधिकारी कोर्स

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय महानगर लखनऊ के तत्वाधान में एवं प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी के मार्गदर्शन में दिनांक 26 से 30 नवंबर 2024 को प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र प्रयागराज में बेसिक कोर्स फॉर कमिश्नर, सचिव कोर्स एवं जिला स्तरीय अधिकारी कोर्स आयोजित किया गया। जिसमे 60 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया | बेसिक कोर्स फॉर कमिश्नर कोर्स के लीडर ऑफ़ द कोर्स प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त श्री अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, जिला स्तरीय अधिकारी कोर्स के लीडर ऑफ़ द कोर्स श्री दिनेश यादव (एल०टी० स्काउट) एवं सचिव कोर्स के लीडर ऑफ़ द कोर्स श्री सुरेन्द्र यादव जी रहे और स्टाफ के रूप में सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) प्रयागराज मण्डल श्री कमलेश द्विवेदी, श्री जाकिर हुसैन, सुश्री उषा कुशवाहा रहीं |




## द्वितीय एडवेंचर कैम्प शीतलाखेत

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक प्रशिक्षण/एडवेंचर केन्द्र शीतलाखेत, अल्मोड़ा उत्तराखण्ड में प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी के निर्देशन में द्वितीय एडवेंचर कार्यक्रम दिनांक 23 से 27 नवम्बर 2024 तक आयोजित किया गया | जिसमें विभिन्न जनपदों से 38 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया |



## एक झलक ... प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं एडवेंचर केन्द्र, शीतलाखेत

प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र, शीतलाखेत के विकास की दिशा में उठाए गए ये कदम वाकई में सराहनीय हैं। इन बुनियादी सुविधाओं का निर्माण और उन्नयन केंद्र की कार्यक्षमता और प्रतिभागियों के अनुभव को काफी हद तक बेहतर बना देगा। यहाँ इन प्रमुख विकास कार्यों की समीक्षा और उनके लाभों का संक्षिप्त वर्णन है:

### प्रशासनिक भवन



प्रशिक्षण/एडवेन्चर केंद्र के प्रशासनिक कार्यों के लिए एक व्यवस्थित और केंद्रीय स्थान प्रदान करेगा, जिससे प्रबंधन और दस्तावेजीकरण में सुविधा होगी।

### किचन ब्लाक



भोजन की गुणवत्ता और वितरण को व्यवस्थित और सुधारने में मदद करेगा, जिससे सभी प्रतिभागियों को पौष्टिक और स्वच्छ भोजन मिलेगा।

### मल्टीपर्पस ब्लाक/डायनिंग हाल



विभिन्न गतिविधियों, बैठकों लिए एक सुविधाजनक स्थान होगा, जो सामुदायिक और सामाजिक गतिविधियों के लिए भी उपयोगी होगा।

### हास्टल ब्लाक



प्रतिभागियों के आरामदायक और सुरक्षित आवास की व्यवस्था करेगा, जिससे उनकी समग्र सुविधा और संतोष में सुधार होगा।

### बालक एवं बालिकाओं हेतु प्रथक प्रथक ट्वायलेट्स ब्लाक



स्वच्छता और व्यक्तिगत गोपनीयता की गारंटी देगा, जिससे सुविधाओं का उपयोग और प्रबंधन अधिक सहज होगा।

### बाउंडरी वाल



परिसर की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करेगा, बाहरी तत्वों से सुरक्षा प्रदान करेगा।

### केयर टेकर ब्लाक



देखभाल करने वाले स्टाफ के लिए आवास सुनिश्चित करेगा, जिससे वे अधिक प्रभावी तरीके से केंद्र की देखभाल कर सकेंगे।

### 24 घंटे बिजली की अनवरत आपूर्ति हेतु जनरेटर




बिजली की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करेगा, जिससे सभी गतिविधियाँ और सुविधाएँ बिना रुकावट के चलती रहेंगी।

### फर्नीचर और भौतिक सुविधाओं का विकास



कार्यक्षेत्र और आवास के लिए आवश्यक फर्नीचर और सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा, जिससे सुविधाओं में वृद्धि होगी।

प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र शीतलाखेत को विश्व स्तरीय Adventure Centre बनाने के लिए उच्च गुणवत्ता के Adventure Base का निर्माण कराया गया है |

विडियो देखने के लिए QR कोड स्कैन करें




# High Rope Activities

| RUSSIAN WALL | NET BRIDGE | SINGLE LADDERS CROSSING BRIDGE |
|---|---|---|







| LOG HANGING | FLYING TYRE CROSSING | VALLEY CROSSING |
|---|---|---|







HORIZONTAL TYRE BRIDGE



LOOP HANG CROSSING



BURMA BRIDGE



SKY CYCLING



ZIP LINE



ARTIFICAL WALL CLIMBING/ RAPPEALING



LOG BALANCING



MONKEY CRAWAL



ZIG ZAG PLANK WALKING



COMMANDO BRIDGE



BALANCING ON TIGHT ROPE



HANGING HORIZONTAL LADDER



VERTICAL ROPE LADDER



TARZAN SWING



TYRE WALL



TYRE CHIMNEY



NET CRAWLING



SLOTH WALK



GROUND TYRE JUMP



TYRE TUNNEL



ARCHERY




SHOOTING
(AIR PISTOL/RIFFLE)



BALANCING BEAM



TIGHT ROPE WALK



## जनपदीय कार्यक्रम

### मण्डल – लखनऊ

### जनपद – लखनऊ

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद लखनऊ के तत्वाधान में भारत स्काउट गाइड के 75वे स्थापना दिवस के अवसर पर पायनियर माण्टेसरी इण्टर कालेज एल्डिको में रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | और साथ ही सर्व धर्म प्रार्थना सभा भी आयोजित की गई इस अवसर पर जिला संस्था की उपाध्यक्ष श्रीमती शर्मिला सिंह, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त सुश्री पूनम संधू, जिला आयुक्त (गाइड) श्रीमती संगीता अग्रवाल, जिला सचिव श्री अनिल शर्मा, विद्यालय प्रबंधक श्री विजेंद्र सिंह, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती मधु हंसपाल, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्री संतोष कुमार सिंह, ट्रेनिंग काउंसलर और स्काउट एवं गाइड उपस्थित रहे । जिला संस्था के पदाधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी महोदय को भी स्थापना दिवस का स्टीकर लगाकर सम्मानित किया गया |





### जनपद – हरदोई

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद हरदोई के तत्वाधान में प्रादेशिक मुख्यायुक्त महोदय डॉ० प्रभात कुमार जी के द्वारा नियुक्त जिला मुख्यायुक्त/जिला विद्यालय निरीक्षक श्री बालमुकुंद जी को अधिकार पत्र सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) सुश्री पूनम संधू के द्वारा प्रदान किया गया | इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जल्द ही कार्यकारिणी की बैठक संपन्न करते हुए प्रदेश मुख्यालय द्वारा दिए गए निर्देशों का जनपद स्तर पर क्रियान्वयन करने में उनका पूर्ण सहयोग रहेगा । बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता एवं सर्वोत्तम कैडेट रैली में भी प्रतिभागिताएं आवश्यक रूप से कराई जाएगी । जनपद रैली की कार्य योजना भी जल्द प्रस्तुत की जाएगी । वयस्क कार्यक्रमों में भी पर चढ़कर हिस्सा लिया जाएगा । प्रदेश मुख्यालय को भेजे जाने वाली धनराशि का विवरण बनाने हेतु कोषाध्यक्ष, सचिव एवं संयुक्त सचिव को उन्होंने निर्देशित किया ।

### जनपद – उन्नाव

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद उन्नाव के तत्वाधान में मुख्य विकास अधिकारी/जिला मुख्यायुक्त स्काउट गाइड जनपद उन्नाव महोदय के आदेशानुसार दिनांक 23.11.2024 को संस्था के प्रादेशिक स्तर से प्रदत्त निर्देशों के क्रम में भारत स्काउट गाइड ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा केंद्र अटल बिहारी इंटर कॉलेज बड़ा चौराहा उन्नाव में संपन्न कराई गई | प्रतियोगिता जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री ब्रिज कुमार एवं जिला संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती मंजू कनौजिया के साथ ही मुख्य संरक्षक प्रधानाचार्य/ जिला आयुक्त श्री अजब सिंह के साथ जिला सचिव रवि कुमार पांडे की उपस्थिति में संपन्न कराई गई । प्रतियोगिता में जनपद से विभिन्न विद्यालयों के स्काउट एवं गाइड के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया| जिसमे कुल पंजीकृत 77 स्काउट एवं गाइड के छात्र-छात्राओं में 71 स्काउट गाइड के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज उन्नाव, अटल बिहारी इंटर कॉलेज उन्नाव, डी०वी०डी०टी० इंटर कॉलेज, मन्नालाल इंद्राणी इंटर कॉलेज जैतीपुर, श्यामलाल इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, आदि के स्काउट गाइड द्वारा प्रतिभाग किया गया ।



## जनपद – लखीमपुर खीरी




भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद लखीमपुर खीरी के तत्वाधान में दिनांक 7 नवंबर 2024 को जिला संस्था के पदाधिकारियों द्वारा 75 वां भारत स्काउट और गाइड स्थापना दिवस मनाया गया । मुख्यायुक्त डॉ० महेंद्र प्रताप सिंह, जिला आयुक्त गाइड एडल्ट रिसोर्स डॉ० ज्योति तिवारी, जिला संगठन आयुक्त गाइड डॉ० मधु बाजपेई जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट बी.डी.भार्गव सहायक सचिव सरोज जायसवाल व जिला संस्था के सचिव डॉ० के०सी० मिश्रा ने स्काउट गाइड के अध्यक्ष जिलाधिकारी महोदया श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल जी को स्कार्फ एवं भारत स्काउट गाइड बैज लगाकर 75 वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी तथा मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं प्रभारी डायट प्राचार्य श्री प्रवीण कुमार तिवारी को स्कार्फ एवं भारत स्काउट गाइड वैज लगाकर स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं, एवं संस्था के समस्त पदाधिकारी स्काउटर/गाइडर, स्काउट/गाइड द्वारा स्काउटिंग के संस्थापक लार्ड बेडेन पावेल, पंडित मदन मोहन मालवीय, हृदयनाथ कुंजूरू, पंडित श्रीराम बाजपेई के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उधौ श्याम तिवारी, राधेश्याम जयसवाल, देवेंद्र प्रताप सिंह, आरती, पारसनाथ वर्मा, गौरव कुमार सक्सेना, जेपी वर्मा, शशांक, कलीम अली, मोहम्मद नाजिम, शुभ अवस्थी, राघवेंद्र त्रिवेदी, जितेंद्र कश्यप, आदित्यमन प्रधानाचार्य एवं अध्यापक उपस्थित रहे।

## जनपद – रायबरेली

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद रायबरेली के तत्वाधान में 2 अक्टूबर 2024 को स्काउट भवन रायबरेली में गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई । जिसमें जिला सचिव श्री शत्रुघ्न सिंह, जिला कोषाध्यक्ष एवं पूर्व सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री दिनेश त्रिवेदी, वरिष्ठ लीडर ट्रेनर श्रीराम यादव, अनीशा तनवीर, मालती वर्मा एवं देवेंद्र वाजपेई ने सम्मिलित रूप से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्पण समर्पित कर जयंती मनाई गई । तथा इस राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्र को नमन किया गया।






## मण्डल – सहारनपुर

### जनपद – मुजफ्फरनगर





भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद मुज़फ्फरनगर के तत्वाधान में शासन प्रशासन के आदेशानुसार व ज़िला मुख्यायुक्त डॉ० कंचन प्रभा शुक्ला के निर्देशन मे दिनांक 01.11.2024 यातायात दिवस पुलिस लाइन में धूमधाम से मनाया गया । जिसमें एस०एस०पी० मुज़फ़्फ़रनगर श्री अभिषेक सिंह, एस०पी० सिटी श्री सत्यनारायण आदि के द्वारा बच्चों को यातायात नियम व यातायात सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें जनपद मुज़फ़्फ़रनगर के विभिन्न स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर आदि नें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, इसी के साथ साथ पुलिस लाइन से जनपद के मुख्य मार्गों से होती हुई एक यातायात जागरूकता रैली निकाली गई । इस रैली को सफल बनाने मे डी०ओ०सी०(स्काउट) भरत भूषण अरोरा, डी०ओ०सी०(गाइड) प्रभा दाहिया, ज़िला आई०टी कोऑर्डिनेटर अनुज कश्यप, अमित सैनी आदि का विशेष सहयोग रहा।

### जनपद – सहारनपुर




भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद सहारनपुर में 75 वें स्थापना दिवस के अवसर पर स्काउट-गाइड ने रक्तदान शिविर में प्रतिभाग किया । जनपद सहारनपुर में भारत स्काउट और गाइड का स्थापना दिवस बड़े ही हर्षौल्लास के साथ मनाया गया। प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी की प्रेरणा से जिला सचिव श्री दीपक कुमार गुप्ता ने अपने विद्यालय जे.वी.जैन इंटर कॉलेज, सहारनपुर में भारत स्काउट और गाइड के 75 वें स्थापना दिवस को दूसरों के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए दूसरी बार ब्लड डोनेशन कैंप लगाया । जिसमें 30 स्काउट-गाइड, यूनिट लीडर एवं स्वयं जिला सचिव श्री दीपक कुमार गुप्ता जी ने अपना रक्तदान कर समाज को सकारात्मक सन्देश दिया। इस अवसर पर जे. वी. जैन इंटर कॉलेज सहारनपुर के यशस्वी मंत्री एवं स्काउट/गाइड संस्था के उपाध्यक्ष श्रीमान कुलभूषण कुमार जैन जी ने शिविर का उद्घाटन किया एवं सभी स्काउट-गाइड एवं पदाधिकारियों को अच्छे कार्य के लिए प्रोत्साहित करते हुए सबको अपना आशीर्वाद प्रदान किया। दिनांक 07 नवम्बर 2024 को भारत स्काउट और गाइड का स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जनपद कार्यालय पर ध्वज शिष्टाचार किया गया एवं स्थापना दिवस का बैज लगाया गया । मुख्य कोषाधिकारी/जिला कोषाध्यक्ष श्री विजय शुक्ला जी, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त मेरठ एवं सहारनपुर मंडल श्री मयंक शर्मा, जिला सचिव श्री दीपक कुमार गुप्ता, डी.ओ.सी. (स्काउट) श्री अनिल भारद्वाज, डी.ओ.सी. (गाइड) उषा तोमर, जिला आयुक्त (बुलबुल) श्रीमति रेखा सैनी, डॉ० सुशील सैनी की उपस्थिति में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।

### जनपद – शामली



भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद शामली के तत्वाधान में दिनांक 26 अक्टूबर 2024 को स्काउट-गाइड शिक्षकों के लिए बिगिनर्स कोर्स का विधिवत आयोजन किया गया। कोर्स का शुभारंभ स्काउट-गाइड प्रार्थना के साथ हुआ । जिसमें जिले के 27 स्काउटर एवं 16 गाइडर कुल 43 ने प्रतिभाग किया । प्रशिक्षण जिला संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती गीता रानी के द्वारा विद्यालय में यूनिट का गठन, संचालन, स्काउटिंग-गाइडिंग का इतिहास, संगठन की जानकारी, नियम, प्रतिज्ञा, सैल्यूट, बायाँ हाथ मिलाना, यूनिट लीडर का प्रगतिशील प्रशिक्षण आदि विषयों की जानकारी दी । सहायक प्रादेशिक संगठन (आयुक्त) मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल श्री मयंक शर्मा ने प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा संचालित कार्यक्रम बी. एस. जी. ज्ञान प्रतियोगिता, सर्वोत्तम कैडेट रैली,




प्रादेशिक आजीवन सदस्य बनने आदि से अवगत कराते हुये प्रादेशिक मुख्यालय से मिलने वाले पुरस्कार हेतु प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक आवेदन के लिये प्रेरित किया । मुख्य विकास अधिकारी/जिला मुख्यायुक्त श्री विनय कुमार तिवारी ने प्रतिभागियों को स्काउटिंग की गतिविधियों से जुड़ने के लिये महत्वपूर्ण विचारों से अवगत कराया ततपश्चात जिला विद्यालय निरीक्षक श्री जे.एस. शाक्य जिला सचिव डॉ० हीरा सिंह जी ने स्काउटिंग के क्षेत्र में निरंतर सामाजिक कार्य करने हेतु प्रेरित किया । राष्ट्रगान के साथ बिगनर्स कोर्स का समापन हुआ।

## मण्डल – मेरठ

### जनपद – बुलंदशहर



भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद बुलंदशहर के तत्वाधान में भारत स्काउट और गाइड संस्था का 75वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । बौद्धिक एवं शारीरिक सामर्थ्य को अभिवर्धित कर विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवाभाव, सहनशीलता, समर्पण और त्याग की भावना जागृत कराने वाले "भारत स्काउट्स एंड गाइड्स" के 75वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राष्ट्रीय व मानवीय मूल्यों को संचारित कर विद्यार्थियों को श्रेष्ठ नागरिक बनाने का संगठन का उद्देश्य सराहनीय है |

### जनपद – बागपत

भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद बागपत के तत्वाधान में दिनांक 10 नवंबर 2024 को सत्र 2024- 25 के लिए भारत स्काउट और गाइड ज्ञान प्रतियोगिता (BSG ज्ञान प्रतियोगिता) का आयोजन, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, बागपत में किया गया । इस प्रतियोगिता में जनपद के 20 स्कूल/कॉलेज के कुल 244 स्काउट , गाइड , रोवर एवं रेंजर को पंजीकृत किया गया था जिन में से 179 प्रतियोगी उपस्थित रहे। प्रत्येक संवर्ग में प्रथम तीन स्थान पर चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे । सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त मेरठ मण्डल श्री मयंक शर्मा, जिला मुख्यायुक्त डॉ० वीरेंद्र सिंह, जिला सचिव श्री उमेश कुमार, जिला आयुक्त श्री जयपाल शर्मा एवं श्रीमती कमलेश कौशिक के सफल निर्देशन में परीक्षा प्रभारी, जिला संगठन आयुक्त श्री अशोक





बंधु भारद्वाज एवं श्रीमती शशिबाला ने परीक्षा का संचालन किया । परीक्षा के सफल संचालन में श्री राम संजीवन, श्री रवि कुमार, श्री कमल, श्री रॉनित, कुमारी शिवानी, कुमारी चंचल, कुमारी सुषमा त्यागी, तुषार मरीचि तथा यश शर्मा का विशेष योगदान रहा ।

### जनपद –मेरठ

भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश, जिला संस्था मेरठ में 75वाँ स्थापना दिवस मनाया गया । जिसके अंतर्गत श्रीमती नूपुर गोयल, मुख्य विकास अधिकारी, श्री राजेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक मेरठ, श्रीमती आशा चौधरी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मेरठ, श्रीमती रेखा शर्मा, प्रादेशिक उपाध्यक्ष और जिला मुख्यायुक्त, श्री सुशील कुमार शर्मा, जिला स्काउट आयुक्त व गाइड आयुक्त श्रीमती बृजेश, डॉ० अंशु श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष ने प्रशासनिक अधिकारी और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को स्थापना दिवस का स्टीकर लगाकर भारत स्काउट गाइड संगठन की जानकारी दी । इसी क्रम में विभिन्न विद्यालयों में भी हर्षोल्लाह से स्थापना दिवस मनाया गया । वरिष्ठ लीडर ट्रेनर श्रीमती रिहाना सुल्तान, सोमेंद्र सिंह, पूनम रानी, सोनू कुमार, संजय कुमार गुप्ता, श्रीमती शशि सागर, संयुक्त सचिव, रुचि जैन और स्काउट /गाइड ने कार्यक्रम में किया ।



## जनपद – गाजियाबाद

भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद गाजियाबाद द्वारा बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 6 नवंबर 2024 को किया गया। बी.एस.जी. ज्ञान प्रतियोगिता में डॉ० के० एन० मोदी साइंस एंड कॉमर्स इंटर कॉलेज और संभू धायल इंटर कॉलेज गाजियाबाद के स्काउट/गाइड के साथ जिला गाजियाबाद के 370 स्काउट/गाइड, रोवर/रेंजर और कब/बुलबुल ने प्रतिभाग किया । इस अवसर पर जिला मुख्यायुक्त जनपद गाजियाबाद, जिला सचिव, जिला गाइड आयुक्त, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) उपस्थित रहे | प्रतियोगिता में सभी स्काउट/गाइड, रोवर/रेंजर और कब/बुलबुल बहुत ही हर्षोउल्लास के साथ प्रतिभाग किया |



## जनपद – हापुड़

भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद हापुड़ के तत्वाधान में दिनांक 10 नवम्बर 2024 से 14 नवम्बर 2024 की अवधि में राज्यपुरस्कार जाँच शिविर आयोजित किया गया। राज्य पुरस्कार जाँच शिविर में जनपद हापुड़ एवं गाज़ियाबाद के 50 स्काउट 83 गाइड कुल 133 प्रतिभागी प्रतिभाग किया। जनपद हापुड़ के अध्यक्ष/जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा (आई.ए.एस.) एवं जिला मुख्यायुक्त श्रीमती पारुल त्यागी जी के संरक्षण तथा जिला विद्यालय निरीक्षक/उपाध्यक्ष श्रीमती विनीता जी के मार्गदर्शन में समस्त गतिविधियां प्रादेशिक मुख्यालय से प्राप्त लक्ष्य के अनुसार जनपद में विधिवत सम्पन्न कराई गई। जाँच शिविर में स्काउट/गाइड की लिखित एवं मौखिक परीक्षा सम्पन्न हुई। राज्यपुरस्कार जाँच शिविर का आयोजन सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल श्री मयंक शर्मा, शिविर संचालक श्री राजपाल सिंह पुंडीर, शिविर संचालिका श्रीमती नरवन्त कौर, सहा. स्टॉफ जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) हापुड़ श्री प्रकाश शर्मा, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) गाज़ियाबाद श्री श्याम सिंह, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) गाज़ियाबाद श्रीमती रिंकू तोमर, जिला



संगठन आयुक्त (गाइड) हापुड़ श्रीमती नीता कौशिक, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) हापुड़ श्री अमित कुमार, श्रीमती उमा विश्नोई, उपाध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य सर्वोदय इंटर कॉलेज श्री समरजीत सिंह, जिला सचिव श्रीकृष्ण द्विवेदी, जिला कोषाध्यक्ष श्री प्रीतम सिंह जी के सहयोग से संचालित किया गया।

## जनपद –गौतमबुद्ध नगर



भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद गौतमबुद्ध नगर के तत्वाधान में दिनांक 12 नवंबर 2024 को स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन का बिगनर्स कोर्स संपन्न हुआ । दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल नोएडा एक्टेंशन के सभागार में जनपद के लगभग 65 स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन का परिचात्मक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया शिविर का उद्घाटन डॉ० राकेश कुमार राठी जिला मुख्यायुक्त, श्री पुष्पेंद्र सिंह जिला सचिव, श्रीमती ज्योति अरोड़ा प्रिंसिपल दिल्ली वर्ड पब्लिक स्कूल आदि ने दीप प्रचलित करके किया । उद्घाटन समारोह में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के स्काउट गाइड ने स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री शिव कुमार एवं जिला सगंठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती शेफाली गौतम ने सभी स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन को स्कूलों के अंदर यूनिट को कैसे संचालित किया जाना है और नये परिवर्तनो पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण शिविर राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ ।

# मण्डल – बस्ती

## जनपद – बस्ती

भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद बस्ती के तत्वाधान में दिनांक 7 नवम्बर को स्थापना दिवस के अवसर पर स्काउट भवन बस्ती में जिला स्काउट आयुक्त, जिला सचिव, जिला संगठन आयुक्त, ट्रेंनिग काउंसलर, स्काउट्स के साथ सभी को स्थापना दिवस के अवसर पर झण्डा स्टीकर लगाकर स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। स्थापना दिवस पर जिलाधिकारी महोदय, जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला मुख्यायुक्त, एवं पुलिस अधीक्षक को स्थापना दिवस का झण्डा स्टिकर लगाकर सम्मानित किया गया। और संस्था के कार्यो पर चर्चा की गई |




## जनपद – सिद्धार्थनगर

भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद सिद्धार्थनगर के तत्वाधान में बांसी तहसील के अंतर्गत शहीद स्मारक तेजगढ़ में "एक दिया शहीदों के नाम" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी लोगों ने मिलकर अंग्रेजों के गुलामी से भारत माता को आजाद कराने वाले भारत माता के लाल चंद्रशेखर आजाद जी के स्मारक स्थल एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी द्वारिका प्रसाद के समाधि स्थल पर सभी लोगों ने मिलकर साफ-सफाई किया तथा दिया जलाकर उन लोगों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर श्री हरि ओम जिला सचिव भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश, सिद्धार्थनगर,डॉ० हंसराज, रोवर लीडर, रतन सेन डिग्री कॉलेज बांसी, डॉ० किरन रेंजर लीडर रतन सेन डिग्री कॉलेज, श्री हरिश्चंद्र यादव जिला संगठन आयुक्त (स्काउट), सचिन कुमार ट्रेनिंग काउंसलर (स्काउट), कुलदीप कुमार ट्रेनिंग काउंसलर (स्काउट), राजाराम ट्रेनिंग काउंसलर (स्काउट), संदीप कुमार, आदित्य कुमार, अखिलेश कुमार, कुमारी मनीषा ट्रेनिंग काउंसलर (गाइड), शिवानी साहू एवं अन्य स्काउट - गाइड, रोवर्स-रेंजर्स के साथ-साथ शहीद स्मारक तेजगढ़ गांव के लोग भी उपस्थित रहे।





## जनपद – संतकबीर नगर



भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद संतकबीर नगर के तत्वाधान में राज्यपुरस्कार जांच शिविर का आयोजन हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज, खलीलाबाद, संत कबीर नगर में किया गया। इस पांच दिवसीय राज्यपुरस्कार जांच शिविर का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक आयुक्त, बस्ती मंडल नौशाद अली सिद्दीकी के निर्देशन में मुख्य प्रशिक्षक अमित शुक्ला (बस्ती) और कुलदीप कुमार (सिद्धार्थ नगर) उपस्थित रहे। शिविर की आख्या प्रस्तुत करते हुए जिला सचिव, रवि प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि इस पांच दिवसीय शिविर में जो प्रतिभागी सफल होंगे, उन्हें महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उद्घाटन सत्र में जिला आयुक्त स्काउट (एडल्ट रिसोर्स) अभिषेक कुमार सिंह, प्रादेशिक स्काउटर प्रतिनिधि योगेंद्र सिंह, स्काउट मास्टर मुकेश कुमार, रविंद्र यादव, उदयभान सिंह, काउंसलर खलीलाबाद विकास यादव, शोएब, अमित कुमार, बबीता, रजिया, पल्लवी, और जीशान सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। शिविर का संचालन जिला संगठन आयुक्त स्काउट रमेश यादव द्वारा किया गया।



# मण्डल – मिर्ज़ापुर

## जनपद – मिर्ज़ापुर



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद मिर्ज़ापुर के तत्वाधान में राजकीय पुस्तकालय मिर्जापुर में संयुक्त शिक्षा निदेशक श्री उदयभान की अध्यक्षता में मंडलीय संगोष्ठी/समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भदोही, सोनभद्र, तथा मिर्जापुर के पदाधिकारी उपस्थित होकर बिंदुवार आख्या प्रस्तुत की। बैठक में प्रत्येक विद्यालय में स्काउट दल के पंजीकरण पर बल दिया गया। मंडलीय अध्यक्ष द्वारा तीनों जनपद को निर्देश दिया गया, कि जनपदीय कोष की ऑडिट कराते हुए ऑडिट रिपोर्ट एक सप्ताह के अंदर सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त श्री राजेश कुमार प्रजापति के माध्यम से उपलब्ध करावें। बैठक में जनपदीय तथा मंडलीय रैली के आयोजन पर भी विचार किया गया। बैठक में तीनों जनपद को निर्देशित किया गया की प्रादेशिक कार्यालय से संपर्क करते हुए नियमानुसार सभी बकाया धनराशि को भेज दिया जाए। बैठक में ए.डी. बेसिक शशिबाला वर्मा, मिर्जापुर के जिला विद्यालय निरीक्षक श्री राजकुमार दीक्षित, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मिर्जापुर श्री अनिल कुमार वर्मा, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज घोरावल श्री अनिल कुमार यादव, सोनभद्र के जिला मुख्य आयुक्त डॉ० प्रबोध सिंह, जनपद मिर्जापुर के जिला आयुक्त बेचन सिंह, जिला सचिव महेंद्रनाथ, जिला आयुक्त (गाइड) श्रीमती अनीता यादव, जिला कोषाध्यक्ष डॉ० संतोष कुमार सिंह, डॉ० धर्मजीत सिंह, सहायक जिला सचिव मनोज कुमार नीलम, जिला प्रशिक्षण आयुक्त कुलदीप शुक्ला, जिला आई.टी कोऑर्डिनेटर अक्षत प्रजापति, तथा अमित प्रजापति, जनपद सोनभद्र के जिला प्रशिक्षण आयुक्त सैयद अनवर हुसैन, जिला संगठन आयुक्त सुनील कुमार सिंह, जिला आयुक्त सत्य नारायण कन्नौजिया, जनपद भदोही के जिला प्रशिक्षण आयुक्त चंद्रेश राय, जिला सचिव राम नारायण, आदि पदाधिकारी उपस्थित हुए। समीक्षा बैठक का संचालन विंध्याचल मंडल के सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त राजेश कुमार प्रजापति ने किया।

## जनपद – सोनभद्र

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद सोनभद्र के तत्वाधान में जिला कार्यकारिणी की बैठक जयराम सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक सोनभद्र की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें जनपदीय स्काउट और गाइड रैली व जनपद सोनभद्र में होने वाली मण्डलीय स्काउट और गाइड रैली के सन्दर्भ में चर्चा की गई। तथा सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि जनपदीय स्काउट/गाइड रैली 2024 का आयोजन 29,30 नवम्बर,व 1 दिसम्बर 2024 को आदर्श इण्टर कालेज रावट्सगंज सोनभद्र में तथा मण्डलीय स्काउट/गाइड रैली का आयोजन 7, 8 व 9 दिसम्बर 2024 को आदर्श इण्टर कालेज रावट्सगंज सोनभद्र में किया जायेगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक सोनभद्र ने कहा कि रैली की व्यवस्था के साथ टीमों को रहने के लिए आवासीय व्यवस्था चुस्त दुरुस्त होना चाहिए जिससे किसी को किसी भी प्रकार समस्या न हो। मेरे तरफ से आयोजन को सफल बनाने में हर तरह से आप लोगों को सहयोग मिलेगा। बैठक को सम्बोधित करते जिला मुख्यायुक्त डॉ० प्रबोध कुमार सिंह ने कहा कि स्काउट/गाइड रैली का आयोजन अच्छे ढंग से सबके सहयोग से किया जायेगा। रैली को सफल बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। बैठक को सम्बोधित करते हुए सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त मण्डल विंध्याचल श्री राजेश कुमार प्रजापति ने कहा कि जनपद सोनभद्र में रैली का आयोजन अच्छे ढंग से होता रहा है, पूरी उम्मीद है कि मण्डलीय रैली का आयोजन शानदार रूप में किया जाना चाहिए। बैठक में श्री सत्य नारायण कनौजिया जिला आयुक्त, श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह जिला सचिव, श्री अब्दुल कयूम अहमद जिला कोषाध्यक्ष, श्री सन्तोष कुमार मौर्य सहायक जिला सचिव, श्री सैयद अनवर हुसैन जिला प्रशिक्षण आयुक्त, श्री काशी प्रसाद मौर्य पूर्व जिला सचिव, श्री नन्द किशोर जिला आयुक्त एडल्ट, श्री रमाकान्त कुशवाहा, श्री उमा शंकर सिंह, श्री विनोद कुमार पाण्डेय, श्री सुखपाल यादव, श्रो बी के सिंह महादेव, श्री संतोष कुमार तिवारी, श्री प्रमोद श्रीवास्तव समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला संगठन आयुक्त सुनील कुमार सिंह ने किया।



## जनपद – भदोही



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद भदोही के तत्वाधान में 29 वीं जनपदीय रैली व प्रथम सर्वोत्तम कैडेट रैली का आयोजन सेवाश्रम इंटर कॉलेज सुरियावा में दिनांक 13,14 व 15 नवंबर 2024 में हुआ | उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष भदोही श्री अनिरुद्ध त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त विंध्याचल मंडल श्री राजेश प्रजापति ने दीप प्रज्वलित कर सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण किया | ध्वजारोहण के पश्चात मार्च पास्ट सलामी के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस जनपदीय रैली में 13 स्काउट की टीम व 12 गाइड की टीमों ने अपनी बेहतरीन मार्च पास्ट से आए हुए मुख्य अतिथि एवं अतिथियों को सलामी दी | इस अवसर पर जिला आयुक्त डॉ० अजय कुमार पांडे प्रधानाचार्य भारतीय इंटर कॉलेज परसीपुर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट व गाइड श्री चन्द्रेश राय व श्रीमती राधा त्रिपाठी जिला संगठन आयुक्त स्काउट श्री ऋतुराज श्रीवास्तव, ट्रेनिंग काउंसलर व संगठनकर्ता श्री कन्हैया लाल यादव, अजय यादव, विजय त्यागी, प्रवीण सिंह, वीरेंद्र, नागेश्वर प्रजापति, ज्योति, रानी मौर्य, अमित प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

## मण्डल – आजमगढ़

### जनपद – आजमगढ़



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद आजमगढ़ के तत्वाधान 2 अक्टूबर के अवसर पर भारत स्काउट गाइड आजमगढ़ के बच्चों ने सर्वोदय पीजी कॉलेज के सभागार में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम में हिस्सा लिया । कार्यक्रम में आर०टी०ओ० श्री चौधरी और आर०टी०ओ० आर०आई० श्री पवन सोनकर ने सड़क सुरक्षा नियम के बारे में विधिवत जानकारी दी | इस अवसर पर अजय यादव, बृजेश यादव, अजीत, रानी दुबे आकांक्षा, साधना, शकुंतला, सुमन आदि लोग उपस्थित थे। स्काउट सचिव श्री प्रवीण कुमार सिंह और स्काउट आयुक्त श्री अजीत सिंह ने बच्चों को बधाई दी।




### जनपद – बलिया

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद बलिया के तत्वाधान में दिनांक 7 नवंबर 2024 को कुंवर सिंह इंटर कॉलेज बलिया के प्रांगण में 75वां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। सर्वधर्म प्रार्थना तथा लॉर्ड बेडेन पावेल व पं० श्री राम बाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किये। जिला सचिव राजेश कुमार सिंह ने जिला आयुक्त (स्काउट) डॉ० विश्वरंजन सिंह को तथा जिला संगठन आयुक्त (गाइड) सरिता ने जिला आयुक्त (गाइड) श्रीमती उमा सिंह को बैज लगाकर 75वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष श्री अरविंद कुमार सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त श्री निर्भय नारायण सिंह, ट्रेनिंग काउंसलर श्री उपेंद्र नारायण सिंह, नफिल अख्तर आजाद, आनंद यादव, श्याम वर्मा, कुसुम वर्मा, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त अमित चौहान तथा कई विद्यालयों के गाइड्स व स्काउट्स उपस्थित रहे। साथ ही जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी के कार्यालय में भी उपस्थित सभी लोगों को बैज लगाकर शुभकामनाएं दी । कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री सौरभ कुमार पाण्डेय ने किया।



## जनपद – मऊ



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद मऊ के तत्वाधान में संस्था मऊ की कार्यकारिणी की बैठक श्री देव भास्कर तिवारी जिला मुख्यायुक्त एवं प्रादेशिक उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में डी.ए.वी. इंटर कॉलेज मऊ में आयोजित की गई। बैठक में श्री नौशाद अली सिद्दीकी सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) आजमगढ़ मंडल की भी उपस्थित रही । जनपद संस्था के पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किया । इस अवसर पर श्रीमती इंदिरा तिवारी जिला आयुक्त गाइड, श्री सुशील कुमार राय जिला आयुक्त स्काउट, श्री ओम प्रकाश शुक्ल जिला आयुक्त कब, अनुपमा तिवारी जिला आयुक्त बुलबुल, श्री विजय सिंह जिला आयुक्त एडल्ट रिसोर्सेस, श्री जय नारायण द्विवेदी मुख्यालय आयुक्त, श्री अखिलेश सिंह सहायक जिला आयुक्त, डॉ० भूपेंद्र वीर सिंह कोषाध्यक्ष, अजीत सिंह एडवोकेट, दिनेश कुमार जिला सचिव, श्री ऋषिकेश पांडेय संयुक्त सचिव, जयश्री सह जिला सचिव सहित संस्था के सम्मानित पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित थे।

# मण्डल – प्रयागराज

## जनपद –प्रयागराज

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद प्रयागराज के तत्वाधान में संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रयागराज मंडल प्रयागराज की उपस्थिति में मंडलीय संगोष्ठी का हुआ समापन। दिनांक 26 अक्टूबर 2024 को पूरे हर्षोल्लास के साथ मंडलीय संगोष्ठी स्काउटर/गाइडर एवं पदाधिकारी का समापन श्री आर एन विश्वकर्मा जी संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रयागराज मंडल प्रयागराज के द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर के किया गया। बतौर मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रयागराज मंडल प्रयागराज ने कहा कि प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा मंडल जनपद को जो लक्ष्य दिए गए हैं उसे सभी लोग जिला संस्था के साथ समन्वय स्थापित कर पूर्ण कराए। सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त स्काउट सभी जनपदों में जो भी समस्या आ रही है उसको अवगत कराएं जिससे कि समय से संबंधित अधिकारियों को निर्देश प्रेषित कर उसे समस्या का निदान करते हुए स्काउट गाइड संस्था के हित में एक सफल अभियान चलाया जा सके। शीतलाखेत में एडवेंचर एक्टिविटीज हेतु



अधिक से अधिक जनपद मंडल से प्रतिभागिता सुनिश्चित कराई जाए एवं प्रादेशिक मुख्य आयुक्त महोदय के जो भी निर्देश हो उसे समय से पहले अवश्य कर लिया जाए। अपने संबोधन के माध्यम से संयुक्त शिक्षा निदेशक महोदय ने सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया , और अंत में राष्ट्रगान के साथ ही कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। सभी कार्यक्रम का संचालन कमलेश द्विवेदी सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त स्काउट प्रयागराज मंडल प्रयागराज द्वारा किया गया।

## जनपद – कौशाम्बी



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद कौशाम्बी के तत्वाधान में दिनांक 7 नवंबर 2024 को 75 वॉ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम श्री मधु सूदन हुल्गी आई.ए.एस. जिलाधिकारी कौशाम्बी व अध्यक्ष भारत स्काउट और गाइड तथा डॉ० सच्चिदानंद यादव जिला मुख्यायुक्त/जिला विद्यालय निरीक्षक, उपाध्यक्ष/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुशवाहा, जिला खेल सचिव माध्यमिक श्यामलाल, राजू यादव प्रधानाचार्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज देवखरपुर, नीरज केसरी प्रधानाचार्य दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज केसारी को श्याम बाबू जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) ने उपरोक्त समस्त पदाधिकारी को स्कार्फ और बैज (स्टीकर) लगा करके उनका स्वागत किया।

## जनपद – प्रतापगढ़

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद प्रतापगढ़ के द्वारा शंकर विद्यालय इंटर कॉलेज कटैया के स्काउट्स और गाइड्स ने भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया। प्रधानाचार्य और जिला सचिव डॉ.राघवेंद्र पाण्डेय ने स्काउट्स और गाइड्स के साथ सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया और राष्ट्र की एकता,अखंडता,समाज सुधार के लिए किए गए उनके साहसिक कार्यों व उनके व्यक्तित्व के बारे में प्रकाश डाला। दीपावली के उपलक्ष्य में मिट्टी के दीए जलाकर बुराइयों से दूर रहने का संकल्प लिया। बच्चों ने देश भक्तिपरक गीत,भाषण प्रस्तुत किया।







## मण्डल – मुरादाबाद

## जनपद – मुरादाबाद

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद मुरादाबाद के तत्वाधान दिनांक 05.12.2024 को जिला परिषद की बैठक मुख्य विकास अधिकारी/जिला मुख्यायुक्त श्री सुमित यादव की अध्यक्षता में जिला कलैक्ट्रेट सभागार कचहरी मुरादाबाद में आयोजित हुई । जिसमें डॉ० मधुबाला त्यागी प्रादेशिक उपाध्यक्ष, श्री बृजेश कुमार सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) द्वादश मण्डल मुरादाबाद, श्री सर्वेश कुमार जिला विद्यालय निरीक्षक मुरादाबाद, श्री शिव कुमार शर्मा जिला कोषाध्यक्ष, डॉ० सुरेन्द्र कुमार वर्मा जिला सचिव, डॉ० हिमांशु यादव जिला आयुक्त (स्काउट), डॉ० सुनीता गिरी जिला एडल्ट आयुक्त (स्काउट), श्री संजय सिंह जिला आयुक्त (कब), डॉ० श्वेता पुठिया जिला आयुक्त (गाइड), श्रीमती मधु सक्सेना जिला आयुक्त (बुलबुल), श्रीमती अन्जिलका माइकल संयुक्त जिला सचिव, श्री गौरव सक्सैना जिला संगठन आयुक्त (स्काउट),



श्रीमती बबिता मल्होत्रा जिला मुख्यालय आयुक्त (गाइड), डॉ० श्रुति जसबाल सहायक जिला आयुक्त (गाइड) आदि सदस्यों ने प्रतिभाग किया। बैठक में मुख्य रूप से आजीवन सदस्य बनाने, जनपद रैली, अंशदान और यूनिट्स के नवीनीकरण पर चर्चा की गई।

## जनपद – संभल

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद संभल के तत्वाधान में गंगा मेला, सिसोना डांडा में दिनांक 12 से 16 नवम्बर 2024 तक खोया पाया शिविर का आयोजन किया गया। 72 खोए हुए बच्चों को उनके माता-पिता से मिलने का कार्य किया गया। खोया पाया शिविर जिला सचिव डॉ० राजीव कुमार एवं जिला संगठन आयुक्त मोहित कुमार के दिशा निर्देशन में किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला मुख्यायुक्त ने भी गंगा मेला पहुंचकर सभी स्काउट का मार्गदर्शन एवं उत्सवर्धन किया। दिनांक 1 दिसंबर 2024 को जनपद संभल में बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हीरा देवी तोताराम कन्या इंटर कॉलेज में जिला विद्यालय निरीक्षक एवं मुख्यायुक्त के दिशा निर्देशन में किया गया। बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन जिला संगठन आयुक्त मोहित कुमार ने किया। जिला सचिव डॉ० राजीव कुमार ने प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचकर कब/बुलबुल, स्काउट/गाइड, रोवर/रेंजर का मार्गदर्शन एवं उत्सवर्धन किया एवं जिला मुख्यायुक्त प्रतिनिधि श्री शिवम गुप्ता ने भी उत्साह वर्धन किया। बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता में 16 विद्यालय/महाविद्यालय के 139 कब/बुलबुल, रोवर/रेंजर्स, स्काउट/गाइड ने प्रतिभा किया।




## जनपद – बिजनौर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद बिजनौर के तत्वाधान में तीन दिवसीय जनपदीय स्काउट और गाइड रैली दिनांक 26 से 28 नवम्बर 2024 की अवधि में स्थान हिन्दू इण्टर कॉलेज नगीना में सम्पन्न हुई। रैली संयोजक एवं हिंदू इंटर कॉलेज नगीना के प्रधानाचार्य यशवीर सिंह, सह संयोजक शाहिद अली गौहर, सीनियर लीडर ट्रेनर सत्यपाल सिंह एवं जिला सचिव कैलाश चंद के द्वारा रैली के क्रियान्वयन में अपना सहयोग प्रदान किया। रैली का संचालन जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) चंद्रहास सिंह ने किया। रैली में बीपी सिक्स, टेंट तम्बू, चिकित्सा दल, अभिलेख संकेत वार्ता, गांठबंधन, सहासिक क्रियाकलाप, झांकी बैंड एवं कैंप फायर आदि प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।



सुनील कुमार, सोरन सिंह परिहार, अशोक कुमार, बृजवीर सिंह, महेंद्र कुमार, शिव कुमार, रितु रानी, पुष्पा रानी, मोनिका आजाद, पूनम रानी, सुषमा रानी रामकुमार आदि निर्णायकों की देखरेख में संपन्न हुई। सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) मुरादाबाद मण्डल श्री बृजेश कुमार जी ने बताया स्काउटिंग जीवन जीने की कला है बच्चे अधिक से अधिक प्रतिभाग करे| श्री जयकरन यादव जिला मुख्यायुक्त/जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर, श्री सत्यपाल सिंह मलिक सीनियर लीडर ट्रेनर एवं कैलाश चंद्र जिला सचिव बिजनौर ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में विजय लक्ष्मी, धर्मपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, धर्मपाल सिंह, शेषनाथ, राधेश्याम, नाथू सिंह, कर्मेंद्र सिंह, राजेंद्र प्रसाद, पवन कुमार त्यागी, अरुण कुमार, दीपक मिश्रा, अजय कुमार, सोमदेव सिंह, यशपाल सिंह, कामिनी दिवाकर, कमलनी अग्रवाल, अंजू रानी आदि का विशेष सहयोग रहा।

## जनपद – रामपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद बिजनौर के तत्वाधान में जनपदीय रैली एवं सर्वोत्तम कैडेट प्रतियोगिता दिनांक 07 नवम्बर से 09 नवम्बर तक महात्मा गांधी स्टेडियम राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय रामपुर में सम्पन्न हुई। जिसके समापन समारोह में श्री बल्देव सिंह औलख माननीय राज्य मंत्री कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान उत्तर प्रदेश सरकार शामिल होकर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।



## मण्डल – कानपुर

### जनपद – कन्नौज

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद कन्नौज के तत्वाधान में छिबरामऊ नगर के सुभाष नगर स्थित स्काउट भवन पर स्काउट संस्था का 75वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ०पूरन सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के द्वारा किया गया । कार्यक्रम में विभिन्न विद्वानों द्वारा स्काउट के इतिहास पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से फर्रुखाबाद व कन्नौज जनपद के बायो वृद्ध स्काउट के महानभावों को जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय ने माल्यार्पण व शॉल उड़ाकर सम्मानित किया । कार्यक्रम में रमाबाई की गाइड्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर कानपुर मंडल के सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री जय प्रकाश दक्ष की उपस्थिति सराहनीय रही । कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला सह सचिव श्री लज्जाराम वर्मा, श्री हरि ओम त्रिपाठी के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन सफल रहा। इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त परशुराम पाल, गंगा, विष्णु पाठक, अनूप मिश्रा, जिला स्काउट मास्टर विनोद कुमार राठौर, मयंक कुमार, मनोरमा यादव, गुंजन भदौरिया, स्नेहलता भदौरिया, अनुज द्विवेदी, श्रवण कुमार, सत्यपाल सिंह, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।





### जनपद – कानपुर नगर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद कानपुर के तत्वाधान में दिनांक 27 से 29 नवम्बर 2024 को ज्वाला देवी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आनंदबाग कानपुर में प्रधानाचार्या डॉ० गार्गी सिंह की निर्देशन में प्रथम एवं द्वितीय सोपान जांच शिविर का आयोजन किया गया । शिविर के समापन पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री जयप्रकाश दक्ष, मुख्यालय आयुक्त श्रीमती मिथिलेश पांडे जी एवं जिला संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती प्रीति तिवारी ने शिविर का निरीक्षण किया एवं छात्राओ को गाइड के कर्तव्य एवं शिष्टाचार से अवगत कराया कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने अपने आशीर्वचन दिए तथा प्रधानाचार्या ने भी अपना आशीर्वाद छात्र-छात्राओ को दिया तथा फूड प्लाजा, क्राफ्ट, टेंट का निरीक्षण किया गया तथा मंच का संचालन गाइड कैप्टन रश्मि यादव तथा सहयोगी शिक्षिका श्रीमती विजया देवी के द्वारा किया गया।



## मण्डल – अयोध्या

### जनपद – अयोध्या

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद अयोध्या के तत्वाधान में संपूर्णानंद संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या की उनके विद्यालय में स्काउटिंग गाइडिंग गतिविधियों को संचालित किए जाने के उद्देश्य से एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें उपनिदेशक संस्कृत विद्यालय अयोध्या मंडल पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अयोध्या जनपद सह जिला विद्यालय निरीक्षक एवं वित्त लेखा अधिकारी जनपद अयोध्या जिला स्काउट आयुक्त तथा मुख्यालय आयुक्त श्री आलोक तिवारी सहित लगभग 75 प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या ने संगोष्ठी में प्रतिभा किया । सभी ने अपने विद्यालय में स्काउट-गाइड दल के गठन हेतु



जिला संस्था से पंजीकरण आवेदन फार्म प्राप्त कर लिया है, निश्चित रूप से अब इन विद्यालयों में स्काउट गाइड के दल तथा कंपनी का पंजीकरण सहित स्काउटिंग की सभी गतिविधियो का संचालन आरंभ हो जाएगा।

## जनपद – अम्बेडकर नगर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद अम्बेडकर नगर के तत्वाधान में तीन दिवसीय स्काउट/गाइड शिविर का आयोजन आलापुर क्षेत्र के अंतर्गत आर.पी.पी.एस इण्टर कॉलेज मामपुर नरियांव में हुआ। ट्रेनर श्री बलिराम राजभर ने कार्यक्रम की शुरुआत झंडा रोहण कराकर की। शिविर में मुख्य अतिथि पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ० रविंद्र चक्रवर्ती, डॉ० सुधीर कुमार राना एवं विशिष्ट अतिथि पशुधन प्रसार अधिकारी रंजीत सिंह बघेल रहें। स्काउट गाइड कैम्प शिविर के दौरान रात्रि में कैम्प फायर में मुख्यातिथि जहांगीरगंज थाना प्रभारी इंस्पेक्टर श्री अजय प्रताप यादव, एवं सब इंस्पेक्टर श्री शुभम यादव रहें। श्री अजय प्रताप यादव ने कहा कि सभी छात्र छात्रा निडर होकर किसी भी प्रकार की समस्या होने पर निःसंकोच अपने अभिभावक को जरूर बताएं और जहां पुलिस प्रशासन की जरूरत पड़े तत्काल सूचित करें। इस अवसर वरिष्ठ समाजसेवी अमित वर्मा, धीरज पटेल, जय प्रकाश यादव उपस्थित रहें।





## जनपद – सुल्तानपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद सुल्तानपुर के तत्वाधान में स्काउट गाइड के 75 वे स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर उपाध्यक्ष सी.डी.ओ. सुलतानपुर को स्थापना दिवस का स्टीकर लगाते हुए जिला मुख्यायुक्त / जिला विद्यालय निरीक्षक, सह जिला विद्यालय निरीक्षक ने बधाई दी। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण आयुक्त व जिला संगठन आयुक्त स्काउट-गाइड के साथ विभिन्न तहसीलों के काउंसलर उपस्थित रहे।



## जनपद – बाराबंकी



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद बाराबंकी के तत्वाधान में जिला संस्था की बैठक का आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक श्री ओ०पी० त्रिपाठी, जिला मुख्यायुक्त श्री रामकुमार गिरि, की उपस्थिति में किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी नगर श्री जैनेंद्र गुप्ता, राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री डीपी तिवारी, जिला स्काउट आयुक्त श्री दिनेश चंद्र पांडे, जिला आयुक्त गाइड श्रीमती रश्मि गुप्ता, जिला सचिव डॉ० रामू मौर्य, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) केसरी मिश्रा, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) डॉ० सत्यदेव सिंह, जिला आई.टी. कोऑर्डिनेटर रवि कुमार, प्रधानाचार्य परिषद के जिला अध्यक्ष श्री अशोक त्रिपाठी एवं जिसमें समस्त विकास खंड के नोडल प्रधानाचार्य एवं जिला संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम जिला संगठन आयुक्त स्काउट गाइड जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट गाइड द्वारा वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात जिला स्काउट मास्टर श्री राजेंद्र त्रिपाठी ने सभी आगंतुकों का परिचय कराते हुए स्कार्फ भेंट कर सबका स्वागत किया। जिसमें सर्वप्रथम बीएससी ज्ञान प्रतियोगिता, सर्वोत्तम कैडेट रैली, दल पंजीकरण एवं नवीनीकरण बच्चों की प्रगतिशील प्रशिक्षण यूनिट लीडर के प्रगतिशील प्रशिक्षण के साथ-साथ जनपद स्काउट गाइड रैली के स्थान और तिथि पर विचार किया गया। इस अवसर पर डी.आई.ओ.एस/जिला संस्था के उपाध्यक्ष श्री ओपी त्रिपाठी ने सभी नोडल प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि स्काउट गाइड को जनपद में सक्रिय सहभाग करने हेतु अपने विद्यालय से इस कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पूरे विकासखंड में सभी आयोजनों में स्काउट गाइड की गतिविधियों को शामिल करते हुए रैली में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने का निर्देश दिया।

# मण्डल – गोरखपुर

## जनपद – गोरखपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद गोरखपुर के तत्वाधान में 4 नवंबर 2024 को जिला बैज समिति के अंतर्गत दक्षता पदक के प्रशिक्षकों की बैठक सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त राकेश सैनी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । बैठक में कुल 44 बैज परीक्षकों को द्वितीय सोपान से राष्ट्रपति पुरस्कार तक के दक्षता पदक बैज की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई । इस अवसर पर जिला आयुक्त एडल्ट रिसोर्स स्काउट ज्ञानेन्द्र ओझा ने कहा कि दक्षता पादक बैज प्राप्ति हेतु छात्रों को एक लॉग बुक तैयार करनी होती है, जिसमें छात्रों द्वारा चयन किये गए बैज पर कार्य करना होता है | इस दौरान जिला आयुक्त (रोवर) वाचस्पति शुक्ला, जिला सचिव रंजना राय, जिला आयुक्त (कब) राम आशीष शर्मा, जिला संगठन आयुक्त इशरत सिद्दीकी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) प्रतिमा शुक्ला, जिला प्रशिक्षक अजय गुप्ता बजरंगी एडवोकेट ने अपने विचार व्यक्त किये । बैज परीक्षक बैठक में जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) अजय कुमार सिंह, सुषमा त्रिपाठी, चंद्रकांति गुप्ता, ओम प्रकाश उपाध्याय, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) शशांक पाण्डेय, दुर्गावती धुसिया, शिवा कुमार, राजू मौर्या, अभिजीत गौड़, लाजोरानी गुप्ता, ज्योति विश्वकर्मा, स्नेहा, नंदिनी सैनी, पूजा सिंह, खुश्बू गौड़, गौरी गुप्ता, जूली भारती, कल्पना पासवान आदि पदाधिकारी एवं काउंसलर उपस्थित रहे ।






स्काउट गाइड ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया ।

## जनपद – देवरिया

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद देवरिया के तत्वाधान में जिला मुख्यायुक्त/मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रत्यूष पांडेय(IAS) के नेतृत्व में कल दिनांक 18 नवम्बर 2024 को जनपद देवरिया में एक दिवसीय स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि मंडल के सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट श्री नौशाद अली सिद्दीकी रहे । विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला आयुक्त स्काउट कैप्टन हरिकेश सिंह और जिला आयुक्त गाइड श्रीमती गीता देवी उपस्थित रही । कार्यशाला का शुभारंभ स्काउट गाइड प्रार्थना से हुआ । तत्पश्चात दल पंजीकरण, नवीनीकरण, वारंट, OYMS पर पंजीकरण, प्रगतिशील प्रशिक्षण स्काउट गाइड, प्रगतिशील प्रशिक्षण स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन, फंडामेंटल ऑफ स्काउट गाइड, BSG ज्ञान प्रतियोगिता, सर्वोत्तम कैडेट रैली, PM शील्ड प्रतियोगिता, जिला रैली, मंडल रैली, स्टॉक रजिस्टर और दल अभिलेख आदि विषयों पर विधिवत चर्चा की गई । प्रतिभागियों द्वारा लिए गए फीडबैक में स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन ने कहा कि ऐसी कार्यशाला वर्ष में दो बार कराई जानी चाहिए जिससे नए नए परिवर्तन से हम सभी अवगत होते रहे । जिला सचिव श्री आशुतोष कुमार शाह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यशाला में जनपद के कुल 86 स्काउट मास्टर/गाइड कैटन ने प्रतिभाग किया ।



## जनपद – कुशीनगर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद कुशीनगर के तत्वाधान में प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार के निर्देशानुसार जनपद कुशीनगर में जिला मुख्यायुक्त/मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती गुंजन द्विवेदी IAS के नेतृत्व में बी० एस० जी० ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 15 दिसम्बर 2024 को हनुमान इण्टर कॉलेज पडरौना में जिला सचिव श्री शैलेन्द्र शुक्ल की देखरेख में किया गया, जिसका निरीक्षण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/जिला आयुक्त स्काउट डॉ० राम जियावन मौर्या द्वारा किया गया । परीक्षा में कुल 152 आवेदन के सापेक्ष 148 कब/ बुलबुल

## मण्डल – झाँसी

### जनपद – झाँसी



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद झाँसी के तत्वाधान में भारत स्काउट गाइड के स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक रति वर्मा ने कहा कि स्काउट गाइड संगठन छात्र छात्राओ में राष्ट्रीय भावना विकसित करने का काम कर रहा है। विशिष्ट अतिथि क्रीडा भारती के प्रांतीय मंत्री संजीव सरावगी रहे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ० मनोज मिश्र ने की। अतिथियों ने ध्वज शिष्टाचार के उपरान्त प्रतिज्ञा का वाचन किया। अतिथियों का स्वागत पूर्व जिला सचिव अजय सिंह, जिला कोषाध्यक्ष व जिला स्काउट मास्टर सुनील द्विवेदी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) राखी पवार, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) प्रभात पवार आदि ने किया। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) संजीव त्रिपाठी को संगठन में अनवरत सहभागिता के लिए सेवाश्री सम्मान से सम्मानित किया गया, साथ ही अन्य पदाधिकारियो को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में इन्द्रेश पाठक, सिद्धांत कौशल, अमरजीत सिंह, नागिल, चंचल सिकरवार, अमित उपाध्याय, जगदीश, श्याम बिहारी, काजल कुमारी, सैलेश खरे, अशोक सिंह, हेमंत कुशवाहा, डॉ० वंदना कुशवाहा आदि उपस्तिथ रहे।

### जनपद – ललितपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद ललितपुर के तत्वाधान में बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता जिला मुख्यायुक्त श्री ओमप्रकाश जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर जिला आयुक्त स्काउट डॉ० ओम प्रकाश शास्त्री एवं जिला आयुक्त गाइड पूनम मलिक के संयोजन में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ललितपुर एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तालबेहट केंद्र पर संपन्न हुई। पर्यवेक्षक के रूप में जिला सचिव जयशंकर प्रसाद द्विवेदी एवं रमेश कुमार तिवारी कोषाध्यक्ष तथा केंद्र व्यवस्थापक पूनम मलिक प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ललितपुर एवं अंजना वर्मा प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तालबेहट के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस परीक्षा में 5 कब 32 बुलबुल 79 स्काउट 54 गाइड कुल 170 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था, जिसमें से 146 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में प्रतिभा किया दो केन्द्रों पर जनपद स्तर की यह परीक्षा बड़ी शांति और अनुशासन में संपन्न हुई।



## मण्डल – चित्रकूट

### जनपद – हमीरपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद हमीरपुर के तत्वाधान में स्काउट-गाइड मण्डलीय रैली का आयोजन बी०एन०वी०, राठ के क्रीडांगण में किया गया। जिसका शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जयन्ती संतराम राजपूत एवं उपजिलाधिकारी, राठ श्री अभिमन्यु कुमार द्वारा किया गया। चित्रगुप्त इ०कॉ०, राठ के प्राचार्य एवं इस रैली के संयोजक श्री सत्यनारायण परिवार ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। चित्रगुप्त इ०कॉ० की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। मुख्य अतिथि श्रीमती जयंती राजपूत एवं उप-जिलाधिकारी महोदय ने अपने उद्बोधन में बच्चों को स्काउटिंग के सिद्धान्तों पर चलने व सफल राष्ट्र निर्माण में सहयोग करने हेतु प्रेरित किया। उक्त रैली में गाइड संवर्ग बाँदा से 4 टीम हमीरपुर



से 5 टीम व महोबा से 3 टीम एवं स्काउट संवर्ग में हमीरपुर से 6, चित्रकूट से 3, बांदा से 4 व महोबा से 6 टीमों ने प्रतिभाग किया। रैली में कलर पार्टी, मार्च पास्ट, शारीरिक प्रदर्शन एवं कैम्पफायर, कैम्प क्राफ्ट आदि की प्रतियोगितायें सम्पन्न करायी गयीं।

## जनपद – चित्रकूट

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद चित्रकूट के तत्वाधान में 75वां स्थापना दिवस समारोह, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेड़ी पुलिया में मनाया गया । कार्यक्रम में लार्ड बेडेन पाबेल, पंडित श्री राम बाजपेई आदि महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० विनय कुमार चौधरी, रोवर प्रभारी डॉ० वंश गोपाल, यातायात प्रभारी शैलेंद्र सिंह, सहायक आयुक्त डॉ० सनत कुमार द्विवेदी, कोषाध्यक्ष कैलाश चंद्र शुक्ला, जिला सचिव सुरेश प्रसाद, पूर्व जिला सचिव मइयादीन पटेल, श्याम बिहारी, रामदयाल, ललित कुमार, बिंतू देवी ,आशीष साहू एवं महाविद्यालय के लगभग 50 रोवर-रेंजर्स उपस्थित रहे ।



## जनपद – बाँदा



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद बाँदा के तत्वाधान में प्रादेशिक मुख्यायुक्त महोदय जी के निर्देशानुसार एवं श्री मिथलेश कुमार पाण्डेय जिला आयुक्त (स्काउट) के मार्गदर्शन में दिनांक 17 नवम्बर 2024 को स्थान आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज बांदा में बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता की परीक्षा संपन्न करायी गई । परीक्षा में 18 - स्काउट, 14 - गाइड कुल-32 ने प्रतिभाग किया । इस अवसर पर सरोज कुमार जिला सचिव, श्रीमती स्मिता द्विवेदी जिला संगठन आयुक्त (गाइड), एवं सर्विस रोवर विष्णु द्विवेदी उपस्थित रहे।

## मण्डल – देवीपाटन

## जनपद – बहराइच

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद बहराइच के तत्वाधान में प्रधानाचार्यो की कार्यशाला एवं बिगिनर्स कोर्स का आयोजन हुआ । प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी के मार्गदर्शन एवं प्रादेशिक मुख्यालय के निर्देशानुसार राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बहराइच के सभागार में दिनांक 26 अक्टूबर 2024 को जनपद के समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या की कार्यशाला एवं बिगिनर्स कोर्स का आयोजन स्काउटिंग गाइडिंग गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए किया गया । कोर्स का शुभारंभ प्रार्थना के साथ हुआ । जिसमें राजकीय, मान्यता प्राप्त एवं वित्त विहीन विद्यालयों के 182 प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या ने प्रतिभा किया । कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला मुख्यायुक्त श्री मनोज कुमार और वित्त एवं लेखा अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने किया । सहायक प्रादेशिक संगठन देवीपाटन मंडल राकेश सैनी ने पंजीकरण, नवीनीकरण, अंशदान, प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा संचालित कार्यक्रम एडवेंचर, बी.एस.जी.ज्ञान प्रतियोगिता, सर्वोत्तम कैडेट रैली, प्रादेशिक आजीवन सदस्य बनने आदि से अवगत कराया। ततपश्चात जिला विद्यालय निरीक्षक श्री मनोज कुमार ने जनपद के समस्त विद्यालय में यूनिट का गठन कराना तथा यूनिट लीडरों का प्रशिक्षण कराने और स्काउटिंग के क्षेत्र में निरंतर सामाजिक कार्य करने हेतु प्रेरित किया, तथा वित्त एवं लेखा अधिकारी वीरेंद्र वर्मा ने विद्यालय के प्रत्येक बच्चों को स्काउटिंग गाइडिंग की गतिविधियों से जोड़ने के लिए कार्य योजना पर बल दिया । इस अवसर पर जिला स्काउट आयुक्त मनोज पांडे, जिला गाइड आयुक्त मधु चौधरी, जिला सचिव डॉ० राजेश प्रताप सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट गाइड अरविंद वर्मा व प्रतिमा, जिला संगठन आयुक्त स्काउट गाइड कायम इस्लाम व कल्लन आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाया ।



## जनपद – बलरामपुर



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद बलरामपुर के तत्वाधान में प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी के निर्देशानुसार जनपदीय रैली व सर्वोत्तम कैडेट रैली दिनांक 12, 13 व 14 नवंबर 2024 को स्वतंत्र भारत इंटर कॉलेज तुलसीपुर बलरामपुर के प्रांगण में आयोजित हुई। रैली का उद्घाटन पूज्य महाराज मिथलेश नाथ योगी ने किया और समापन पूर्व सांसद माननीय ददूदन नाथ मिश्रा ने किया। जिला विद्यालय निरीक्षक मुदूला आनंद की देख रेख में रैली संपन्न हुई। रैली में कुल 53 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें 80 स्काउट/गाइड सर्वोत्तम कैडेट रैली में प्रतिभाग किया।

## जनपद – गोंडा

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद गोंडा के तत्वाधान में जनपद





गोण्डा की जनपदीय रैली व प्रथम सर्वोत्तम कैडेट रैली दिनांक 12, 13 व 14 नवंबर 2024 भारतीय इंटर कॉलेज कटरा बाजार गोण्डा के प्रांगण में आयोजित हुई | रैली का उद्घाटन एसडीएम श्रीमती नेहा मिश्रा ने किया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ० रामचंद्र व सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त देवी पाटन मंडल राकेश सैनी की मार्गदर्शन - में ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ हुआ। रैली में कुल 53 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 100 बच्चे सर्वोत्तम कैडेट रैली में प्रतिभाग कर रहे हैं।

## जनपद – श्रावस्ती



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद श्रावस्ती के तत्वाधान में दिनांक 23 नवम्बर 2024 को जगजीत इंटर कॉलेज इकौना श्रावस्ती में बी.एस.जी. ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा सत्र 2024-25 का आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न विद्यालयों ने प्रतिभाग किया विभिन्न विद्यालयों से 82 पंजीकृत स्काउट – गाइड, रोवर – रेंजर में से 77 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। बी.एस.जी. ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा सफलता पूर्वक संपन्न करायी गई। श्रावस्ती के जगजीत इंटर कॉलेज इकौना श्रावस्ती में बी.एस.जी. ज्ञान प्रतियोगिता की परीक्षा का आयोजन शांतिपूर्वक रूप से संपन्न कराया गया।

स्थापित : 1991
श्री गणेशाय नमः
दिनेश
DC
कैटरर्स एंड क्रोकरी सर्विस
फुल व सेमी कैटरिंग की उत्तम व्यवस्था उपलब्ध है |
0522-2743633
9415086693
9893123793
सीतापुर रोड, खदरा चुंगी, लखनऊ
E-mail : dk177266@gmail.com

# मण्डल – बरेली

## जनपद – पीलीभीत

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद पीलीभीत के तत्वाधान में दिनाँक 26 अक्टूबर 2024 बिगनर्स कोर्स का आयोजन ड्रमड राजकीय इंटर कालेज पीलीभीत मे हुआ। कोर्स में जनपद के विभिन्न बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों के स्काउटर/गाइडर ने प्रतिभाग किया। शिविर के प्रथम सत्र में खंड शिक्षा अधिकारी मारोरी शिव शंकर मौर्य रहे। कोर्स में प्रदेश द्वारा नियुक्त शिविर संचालक अभिषेक पांडे, ए.एल.टी. ने यूनिट पंजीकरण, नवीनीकरण, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, यूनिट संचालन, नियम, इतिहास, प्रगतिशील प्रशिक्षण आदि की जानकारी दी। जिला संगठन आयुक्त (गाइड) शालिनी पांडे ने प्रतिज्ञा, चिन्ह, प्रार्थना, झण्डा गीत, बांया हाथ मिलाना, सैल्यूट, आदि की जानकारी दी। 'लीडर ऑफ दी कोर्स' अभिषेक पांडे द्वारा स्मार्ट क्लास पर स्काउट गाइड गतिविधियों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर जिला स्काउट मास्टर बेसिक वीर सिंह, ब्लाक स्काउट मास्टर अजय पाल, हेमराज, नरेंद्र, आईटी समन्वयक अभिषेक प्रजापति, प्रशिक्षक योगेश, तनुष्का शर्मा सहयोग प्रदान किया।




## जनपद – बदायूं

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद बदायूं के तत्वाधान में स्काउट भवन एवं प्रशिक्षण केंद्र पर 75 वें भारत स्काउट और गाइड स्थापना दिवस पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। नि:स्वार्थ सेवा करने वाले स्काउट गाइड की वर्दी पर स्थापना दिवस का बैज लगाकर अलंकृत किया गया। स्काउट संस्था के प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला मुख्यायुक्त, एडवोकेट महेश चंद्र सक्सेना जी ने



कहा कि स्काउटिंग देश के युवाओं को श्रेष्ठ नागरिक के रुप में तैयार कर रही है। जिला संगठन आयुक्त मोहम्मद असरार ने स्काउटिंग का इतिहास बताया | जिला ट्रेनिंग आयुक्त संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि स्काउटिंग ने युवाओं को जीवन जीने की कला और देश को राम प्रसाद बिस्मिल जैसे क्रांतिकारी दिए। जिला प्रशिक्षण आयुक्त पूर्वी सक्सेना के नेतृत्व में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। इस मौके पर निखिल चौहान, संजना पाल, खुशी ठाकुर, रेनू, वैष्णवी पटेल, रंजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

## जनपद – शाहजहांपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद शाहजहांपुर के तत्वाधान में जनपद शाहजहांपुर के लिए ये बड़े ही गौरव का क्षण है कि जनपद की कक्षा 7 की गाइड कोमल देवी को 19 नवम्बर 2024 को एक दिन के लिए मुख्य विकास अधिकारी के रूप में सेवा करने का अवसर मिला। अधिकारियो ने आशीर्वाद देते हुए कहा की अपने कार्य के प्रति हमेशा सभी को निष्ठावान रहना चाहिए।




# मण्डल – आगरा

## जनपद – आगरा

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद आगरा के तत्वाधान में दिनांक 7 नवंबर 2024 को स्काउट-गाइड 75 वाँ भारत स्काउट गाइड स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें जिला मुख्यायुक्त डॉ० अनिल वशिष्ठ, जिला आयुक्त (गाइड) एडल्ट रिसोर्स डॉ० ममता शर्मा, सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त प्रीति, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती कुसुम वर्मा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) श्रीमती भावना सिंह, (जिला प्रशिक्षण आयुक्त (रोवर) डॉ० भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय श्री विशाल कुमार, सहायक जिला संगठन आयुक्त विष्णु, आईटी विभाग से श्री अभिषेक शर्मा, राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त कार्तिक सैनी व

जिला संस्था की सचिव श्रीमती रेनू भारद्वाज ने स्काउट गाइड के अध्यक्ष जिला अधिकारी महोदय श्री अरविंद मल्लप्पा बंगारी को भारत स्काउट गाइड बैज लगाकर स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। उसके उपरांत जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय में उपस्थित होकर श्री मानवेंद्र सिंह जी को जिला मुख्यायुक्त डॉ० अनिल वशिष्ठ ने बैज लगाया और सभी ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी।



भारत स्काउट और गाइड के तत्वाधान में पाँच दिवसीय राज्य पुरस्कार जाँच शिविर का आयोजन किया गया। चौथे दिन ग्रैंड कैंप का उद्घाटन मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक आगरा मंडल आगरा श्री आर०पी० शर्मा व नेशनल कमिश्नर डॉक्टर राजेश मिश्रा जी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में प्रतिभागियों द्वारा मनमोहक संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और इसमें टेण्ट पिचिंग, पायनियरिंग, गैजेट्स निर्माण, फूड प्लाजा का अवलोकन किया | ककैम्प फायर में राष्ट्रीय भावना से ओत प्रोत राष्ट्रीय एकांकी, देश भक्ति गीत, लोक नृत्य आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। सहायक प्रादेशिक आयुक्त विश्वविद्यालय डॉक्टर बसंत बहादुर, जिला आयुक्त रेंजर श्रीमती चारु, कैम्प के लीडर ऑफ़ द कोर्स श्री विजय शर्मा लखनऊ, श्रीमती नीता त्रिपाठी, श्री शिव कुमार गौतम बुद्ध नगर, वेबी खुशनुमा, सहायक लीडर डॉ० सोनिया भटनागर, जिला संगठन आयुक्त महेश कुमार सैनी, कुसुम वर्मा, डी०ओ०सी० रोवर वि०वि बॉबी, डी०ओ०सी० रेंजर स्वाति, सहायक डी०ओ०सी० विष्णु, प्रशिक्षण आयुक्त विश्वविद्यालय श्री विशाल कुमार, सेंट जॉन्स डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ०एस०पी० सिंह व समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। इस कार्यक्रम का मंच संचालन जिला सचिव श्रीमती रेनू भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम के अंत में सेंट जॉन्स डिग्री कॉलेज की डॉ०गुलशन ग्रोवर जी ने धन्यवाद ज्ञापित किया |



## मण्डल – अलीगढ़

### जनपद – हाथरस

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद हाथरस के तत्वाधान में जिला मुख्यायुक्त एवं जिला विद्यालय निरीक्षक श्री संत प्रकाश के मार्गदर्शन और जिला आयुक्त गाइड एवं प्रधानाचार्य राजकीय कन्या इंटर कॉलेज हाथरस ममता उपाध्याय के निर्देशन में स्काउट एवं गाइड के इतिहास एवं अन्य विषय में छात्र एवं छात्राओं की जानकारी की परख के लिए बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता का भारत स्काउट एवं गाइड जनपद हाथरस द्वारा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज हाथरस में आयोजन किया गया। जिसमे पंजीकृत 284 स्काउट के सापेक्ष 262 स्काउट उपस्तिथ रहे। इसी प्रकार पंजीकृत 126 गाइड के सापेक्ष 112 गाइड उपस्तिथ रही, और 14 गाइड अनुपस्थिति रही |परीक्षा का संचालन जिला संगठन आयुक्त स्काउट धीरेन्द्र प्रताप सिंह एवं विद्यालय की परीक्षा प्रभारी कुमुद शर्मा द्वारा किया गया इस परीक्षा को कराने में जिला आई.टी. कोऑर्डिनेटर रुपेश कुमार गौतम, राजवती, मोनिका वार्ष्णेय, सृष्टी गौतम, श्वेता सिंह, कुमारी रेखा, स्काउट मास्टर रमेश चन्द्र गौतम, सत्यपाल सिंह, दीपक शर्मा, प्रदीप कुमार उदयवीर सिंह आदि का सहयोग रहा परीक्षा में सफल स्काउट एवं गाइड संवर्ग में जनपद स्तर पर प्रथम, द्वितीय तृतीय अलग अलग संवर्ग स्काउट एवं गाइड में प्रतिभागियो को प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया जायगा तथा परीक्षा में सम्मलित सभी प्रतिभागियो को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र दिया जायगा।



## जनपद – अलीगढ़

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, जनपद अलीगढ़ के तत्वाधान में संचालित बेसिक कोर्स फॉर स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन तथा एडवांस कोर्स फॉर स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन शिविर का आयोजन दिनांक 25 नवम्बर से 01 दिसम्बर 2024 की अवधि में धर्म समाज इन्टर कॉलेज, अलीगढ़ में किया गया। इस कोर्स में एडवांस कोर्स फॉर स्काउट मास्टर के शिविर संचालक डॉ० सुनील कुमार सिंह इटावा बेसिक कोर्स फॉर स्काउट मास्टर के शिविर संचालक अनूप कुमार बाराबंकी एडवांस कोर्स फॉर गाइड कैप्टन की शिविर संचालिका श्रीमती कुसुम चौहान जी तथा सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) अलीगढ़ मंडल कविता पांडे उपस्थित रही।



## Cub/Bulbul Greetings

Montfort Inter College, Lucknow, organized a one-day event with the principal of the school, Brother Jinu Abraham, as the chief guest. Scout Master Pratyush Ratna Pandey also participated in the program.

Around 400 Cub/Bulbul attended the event, which featured a performance by Bulbul. The program commenced with a prayer and the flag-hoisting ceremony (Jhanda Rohan) by Cub Bulbul. Children showcased various Cub Bulbul activities, adding vibrancy and enthusiasm to the occasion.

The event concluded with a campfire, during which Tara's story, patriotic songs, and messages of peace from messengers arriving from different directions emphasized the value of harmony and unity.

The plan for the next Bulbul meeting was organized by the school's guide captain, Ms. Nidhi Mishra. The headmistress of the school, Sister Anju, also graced the occasion with her presence.











## स्काउट/गाइड प्रश्नोत्तरी

# BSG ज्ञान विवज़

For : Cub / Bulbul
Scout / Guide
Rover / Ranger

### कब/बुलबुल :-

प्रश्न 01 - कब का आदर्श वाक्य क्या है ?
(A) मुस्कराते रहो (B) तैयार रहो (C) सेवा करो (D) कोशिश करो

प्रश्न 02 – किम का पूरा नाम क्या था ?
(A) किम किपलिंग (B) कैनेडी किम (C) किम्बल ओ हारा (D) बेडेन पावेल

प्रश्न 03 - 'द जंगल बुक किस लेखक की कहानियों का संग्रह है ?
(A) लार्ड बेडेन पावेल (B) रुडयार्ड किपलिंग
(C) मोगली (D) महात्मा गाँधी

प्रश्न 04 - 'द जंगल बुक का प्रकाशन कब हुआ ?
(A) 1907 (B) 1894 (C)1908 (D) 1857

प्रश्न 05 - कब/बुलबुल का सदस्यता बैज किस रंग का होता है ?
(A) हरा (B) लाल (C) नीला (D) पीला

प्रश्न 06 – बैज का शाब्दिक अर्थ क्या होता है ?
(A) पुरस्कार (B) पदक (C) योग्यता (D) पुस्तक

प्रश्न 07 – पैक किसको कहते है ?
(A) लोमड़ी का झुण्ड (B) भेड़ीयों का झुण्ड
(C) शेर का झुण्ड (D) मोगली का झुण्ड

प्रश्न 08 तबाकी अपना जीवन निर्वाह कैसे करता था ?
(A) भेडियों और शेरखां की जूठन खा कर (B) मोगली का जूठन खाकर
(C) शिकार करके (D) लोमड़ी से खाना साझा कर

प्रश्न 09 - स्काउटिंग है ?
(A) बालचर आन्दोलन (B) राजनैतिक आन्दोलन
(C) इंग्लैण्ड का आन्दोलन (D) भारतीय आन्दोलन

प्रश्न 10 – कब/बुलबुल में किस वय वर्ग के बच्चे होते है ?
(A) 03 – 05 वर्ष (B) 05 – 10 वर्ष
(C) 09 – 17 वर्ष (D) 04 – 10 वर्ष

### स्काउट/गाइड :-

प्रश्न 01 - लार्ड बेडेन पावेल का विवाह कब हुआ था ?
(A) 1912 (B) 1913 (C) 1982 (D) 1891

प्रश्न 02 – लार्ड बेडेन पावेल की स्काउटिंग को प्रारम्भ करने की प्रेरणा कहाँ से मिली ?
(A) अफ्रीका के बोअर युद्ध में (B) चिली के युद्ध में
(C) क्रिस्टल पैलेस की रैली में (D) ब्राउन्सी द्वीप के प्रथम कैम्प में

प्रश्न 03 - 'स्काउटिंग फॉर ब्वायज' का प्रथम संस्करण कब प्रकाशित हुआ ?
(A) 1898 (B) 1908 (C) 1907 (D) 1909

प्रश्न 04 - ब्रिटेन के बाहर स्काउटिंग प्रारम्भ करने वाला देश था?
(A) अमेरिका (B) दक्षिणी अफ्रीका (C) चिली (D) भारत

प्रश्न 05 - WAGGGS की स्थापना कब हुई ?
(A) 1828 ई. (B) 1947 ई. (C) 1908 ई. (D) 1928 ई.

प्रश्न 06 – क्रिस्टल पैलेस लन्दन की पहली स्काउट रैली में कितनी लड़कियों ने प्रतिभागिता की थी ?
(A) 16 (B) 07 (C) 08 (D) 32

प्रश्न 07 – अमेरिका में स्काउट आन्दोलन शुरू करने का श्रेय किसे जाता है ?
(A) जे.डी. विलियम वायस (B) रुडयार्ड किपलिंग
(C) लार्ड बेडेन पावेल (D) क्रिस्टफर कोंलम्बस

प्रश्न 08 लार्ड बेडेन पावेल को उनके घर के लोग बचपन में किस नाम से बुलाते थे ?
(A) बी. पी. (B) बेडेन (C) स्टी (D) बीटल

प्रश्न 09 - लार्ड बेडेन पावेल के पालतू कुत्ते का नाम था ?
(A) स्टी (B) पेशन्स (C) बीटर (D) टाइगर

प्रश्न 10 – लार्ड बेडेन पावेल द्वारा लिखी पहली पुस्तक का नाम है ?
(A) स्काउटिंग फॉर ब्वायज (B) जंगल बुक
(C) रिकोनेसैन्स एण्ड स्काउटिंग (D) एड्स टू स्काउटिंग

### रोवर/रेंजर :-

प्रश्न 01 - रोवर/रेंजर का सामान्य आयु वर्ग है ?
(A) 17-25 वर्ष (B) 15-25 वर्ष (C) 18-25 वर्ष (D) 15-30 वर्ष

प्रश्न 02 – रोवर/रेंजर को सामान्य आयुवर्ग के पश्चात किसकी विशेष स्वीकृति से 03 वर्ष की समयावधि अतिरिक्त प्रदान की जा सकती है ?
(A) प्रादेशिक मुख्यायुक्त (B) प्रादेशिक सचिव
(C) प्रादेशिक अध्यक्ष (D) नेशनल काउंसिल

प्रश्न 03 - एक रोवर-क्रू/रेंजर टीम में कम से कम कितने सदस्य होने चाहिए ?
(A) 08 (B) 04 (C) 06 (D) 05

प्रश्न 04 - रेंजर लीडर के रूप में नियुक्त हेतु कितनी आयु होना चाहिए ?
(A) 18 वर्ष (B) 21 वर्ष (C) 20 वर्ष (D) 25 वर्ष

प्रश्न 05-रोवर स्काउट लीडर/रेंजर लीडर की नियुक्ति कौन करता है ?
(A) जिला मुख्यायुक्त (B) प्रादेशिक आयुक्त
(C) प्रादेशिक सचिव (D) प्रादेशिक मुख्यायुक्त

प्रश्न 06 – सहायक रोवर स्काउट लीडर/सहायक रेंजर लीडर का पद बैज कैसा होता है ?
(A) लाल रंग का लाल बॉर्डर वाला (B) हरे बॉर्डर वाला लाल रंग का (C) लाल बॉर्डर वाला हरे रंग का (D) हरे बॉर्डर वाला हरे रंग का

प्रश्न 07 – सीनियर रोवर मेट द्वारा कमीज की बायी जेब पर लगाने वाली पट्टीयों(Three Red Vertical strips) की माप होती है ?
(A) 6 cm x 1.5 cm (B) 6 cm x 2 cm
(C) 4 cm x 1.5 cm (D) 6 cm x 2 cm x 1.5 cm

प्रश्न 08 रोवरिंग/रेंजरिंग का प्रारम्भ किस वर्ष में हुआ?
(A) 1907 (B) 1911 (C) 1913 (D) 1918

प्रश्न 09 - रोवरिंग में पांच चट्टानों में पहली चट्टान "हार्सेज" किससे संबंधित है ?
(A) खेल (B) मनोरंजन (C) सट्टा लगाना (D) सुखाशक्ति

प्रश्न 10 – "रोवरिंग टू सक्सेस" पुस्तक प्रकाशित हुई ?
(A) 1909 (B) 1922 (C) 1912 (D) 1913

उक्त प्रश्नों के उत्तर पृष्ठ संख्या 35 पर देख सकते है।

विज्ञापन


SPEFL-SC
Sports & Fitness Sector Skill Council
Creating Livelihoods Through Sports and Fitness
NCVET
N·S·D·C
Skill India
DRIVING EXCELLENCE IN SPORTS AND SKILL DEVELOPMENT
खेल, शारीरिक शिक्षा, फिटनेस एवं लेज़र कौशल परिष्द
The Sports, Physical Education, Fitness and Leisure Skills Council (SPEFL-SC) is one of the Sector Skills Councils formed under the aegis of Ministry of Skill Development and Entrepreneurship (MSDE) and National Skill Development Corporation (NSDC).
SPEFL-SC is missioned to impact 4.1 million people over ten years.
NCVET Recognised Awarding Body
The Sports Sector Skill Council aims to standardize skill development in sports across the country. Our course aligned with NEP2020 in -
FITNESS
YOGA
SPORTS COACHING
AQUATIC
SELF-DEFENSE
GOLF
SPORTS RETAIL
ADVENTURE SPORTS
SPORTS GOOD MANUFACTURING
GYM EQUIPMENT SERVICE
MORE INFORMATION
011-47563351
207, DLF Tower, Galleria Mall, Mayur Vihar Extension, Delhi-110091
www.sportsskills.in

विज्ञापन

# Classic Fitness Academy®

- MAKE YOUR DREAM YOUR CAREER -





***CLASSIC FITNESS ACADEMY*** IS INDIA'S FASTEST GROWING FITNESS ACADEMY. WE OFFER YOU CAREER OPPORTUNITY THROUGH VARIOUS CERTIFICATION COURSES

---

- ***30,000+*** *Internationally Certified Student*
- *Worldwide valid Certification*
- ***100+*** *Placement Partners*

---

## Our Branches

***NATIONAL : DELHI | MUMBAI |BANGALORE | DEHRADUN | CHANDIGARH | JAIPUR | LUCKNOW***

***INTERNATIONAL : NEPAL***

## Our Courses

ACE→

- ***MASTER TRAINER COURSE***
- ***DIPLOMA IN PERSONAL TRAINING***
- ***AND NUTRITION***
- ***CERTIFIED PERSONAL TRAINER***
- ***CERTIFIED NUTRITION SPECIALIST***


## Start your Fitness career Today


BOOK YOUR SEAT TODAY >

*WWW.CLASSICFITNESSGROUP.COM*

MORE INFO
+91 8971281470


Bharat Scout and Guide, Uttar Pradesh
State Headquarters : Mahanagar, Lucknow
2025
Happy New Year
Dr. Prabhat Kumar I.A.S. (Rtd.)
State Chief Commissioner
Bharat Scout And Guide, Uttar Pradesh
Dr. Mahendra Singh
President
Bharat Scout And Guide, Uttar Pradesh
@bsgup.org @bsgup_official @bsgup @bsgup_official www.bsgup.org


भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश
प्रादेशिक मुख्यालय : महानगर, लखनऊ
BSGUP Official
@BSGUPOfficial · 2.79K subscribers · 125 videos
BSGUP Official Channel
bsgup.org and 4 more links
Customize channel
Manage videos
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE


नए वर्ष में नई पहल हो
कठिन ज़िंदगी और सरल हो
अनसुलझी जो रही पहेली
नए वर्ष में उसका हल हो
जो चलता नैतिक मूल्यों पर
नए वर्ष में वही सफल हो
नए वर्ष का उगता सूरज
सबके लिए सुनहरा पल हो
समय हमारा साथ सदा दे
कुछ ऐसी आगे हलचल हो
सुख के चौक पुरें हर द्वारे
सुखमय आँगन का हर पल हो
नया साल सबको मंगल हो
साल 2025 आप को मंगल हो।
डॉ० प्रभात कुमार
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश
नूतन वर्ष 2025
की आप सभी को परिवार
सहित हार्दिक शुभकामनाएँ।
प्रभात एवं परिवार
@bsgup.org @bsgup_official @bsgup @bsgup_official www.bsgup.org

# Glimpses of Various Activities






**IMPORTANT E MAIL ID's**
**Office E Mail : upscoutsguides@yahoo.com**
**IT Department E Mail : bsgup.org@gmail.com**
**Magazine E Mail : itbsgup@gmail.com**

Important

BSG ज्ञान क्विज़
For : Cub / Bulbul Scout / Guide Rover / Ranger

## उत्तर माला : स्काउट/गाइड प्रश्नोत्तरी

कब-बुलबुल :- 1(D)2(C)3(B)4(B)5(C)6(B)7(B)8(A)9(A)10(B)
स्काउट-गाइड :- 1(A)2(A)3(B)4(C)5(D)6(B)7(A)8(C)9(C)10(C)
रोवर-रेंजर :- 1(B)2(A)3(C)4(B)5(D)6(B)7(A)8(D)9(C)10(B)

# Glimpses of activates



## OUR SOCIAL ACCOUNTS



This is the official Website of Bharat Scouts and Guides, Uttar Pradesh Association. All information related to Scouting / Guiding activities in the State is available here….

**Please Visit & Share Our Website**

**www.bsgup.org**



**Like our FB Page**
facebook.com/bsgup.org



**Tweets @ BSGUP**
twitter.com/bsgup



**Follow our Instagram Page**
instagram.com/bsgup official



**Share & Subscribe our Youtube Channel**
**BSGUP Official**

**BHARAT SCOUTS & GUIDES, UTTAR PRADESH**

State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow

Email : upscoutsguides@yahoo.com

For Magazine : itbsgup@gmail.com

To,